श्री मनोज कुमार, माननीय स०वि०स० द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या–240/26 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर
अरवल जिला को इन्द्रपुरी बराज से दाउदनगर–खगौल डिविजन अन्तर्गत सोन नहर प्रणाली को विभाग द्वारा निर्धारित हिस्सेदारी के अनुसार पानी को वितरण नही किया जा रहा है। जिसके कारण किसानों का फसल प्रभावित एवं बर्बाद हो रहा है, तथा खेतो की सिंचाई नही हो पा रही है। इस विषय को लेकर स्थानीय किसानों एवं आम जनों में चिंता, निराशा एवं असंतोष का भाव व्याप्त है। अतः उक्त वर्णित विषय के सम्बन्ध में दाउदनगर एवं खगौल डिविजन में सोन नहर को निर्धारित हिस्सेदारी के अनुसार पानी छोड़ने/आपूर्ति के सम्बन्ध में हम सभी लोग विधान सभा के याचना समिति के माध्यम से याचना करते है।	वस्तु स्थिति यह है कि अरवल जिला अन्तर्गत सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर परिक्षेत्राधीन पटना मुख्य नहर 0.00 कि०मी० से 57.60 कि०मी० एवं इससे निःसृत वितरण प्रणाली तथा सोन नहर प्रमंडल, खगौल परिक्षेत्राधीन पटना मुख्य नहर 57.60 कि०मी० से 73.60 कि०मी० एवं इससे निःसृत वितरण प्रणाली है। विगत खरीफ एवं रबी अवधि–2025 में अरवल जिला अन्तर्गत सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर परिक्षेत्राधीन पटना मुख्य नहर 0.00 कि०मी० एवं सोन नहर प्रमंडल, खगौल परिक्षेत्राधीन पटना मुख्य नहर 57.60 कि०मी० पर नहर का रूपांकित जलस्राव क्रमशः 3000 क्यूसेक एवं 1191 क्यूसेक के अनुसार इन्द्रपुरी बराज से जलस्राव प्राप्त हुआ है। आगामी खरीफ अवधि–2026 में नहर के रूपांकित जलस्राव के अनुसार इन्द्रपुरी बराज से जल प्राप्त करते हुए अरवल जिला अन्तर्गत नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जायेगा। जल की ज्यादा मांग को देखते हुए विशेष परिस्थितियों में तातिल एवं अन्य व्यवस्था लागू कर नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराया जायेगा।

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–02–43/2026 पटना/दिनांक :.......................

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–467 दिनांक–17.04.2026 के आलोक में याचिका सं0–240/26 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–43 / 2026 पटना / दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–43 / 2026 पटना / दिनांक :........................

प्रतिलिपिः– अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–02–43 / 2026 3060 पटना / दिनांक : 4/6/26

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रभारी प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3/6/26

(अनिल कुमार पाण्डेय)

सरकार के उप सचिव